


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 09 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 239 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# 16 राज्यों तक पहुंचा मानसून

## केरल, तमिलनाडु में झमाझम बारिश का दौर शुरू

● दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना

● चार दिनों में उत्तरी बंगाल पहुंचने की संभावना



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून कुछ दिन अटकने के बाद रफ्तार पकड़ लिया है। 4 जून को केरल में दस्तक देने के बाद से अब तक यह 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच गया है। अगले तीन-चार दिनों के भीतर मानसून के उत्तरी बंगाल तक पहुंचने का अनुमान है। इसके प्रभाव से केरल और तमिलनाडु और तटीय आंध्र प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है। 11 जून से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का अनुमान है, जिसके बाद दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम भारत और बिहार समेत पूर्वी भारत के कुछ हिस्से में बारिश हो सकती है। मानसून अब तक केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, तेलंगाना आंध्र प्रदेश और असम समेत पूर्वोत्तर के सभी सातों राज्यों तक पहुंच गया है। अगले तीन दिनों के दौरान इसके उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों के शेष हिस्सों और छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों तक पहुंचने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2-3 दिनों में यह कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के बाकी इलाकों में आगे बढ़ सकता है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी अगले कुछ दिनों में मानसून पहुंच सकता है। पश्चिमी तट पर मानसून अब मुंबई से करीब 150km दूर है। अगले 48 घंटे में इसके मुंबई पहुंचने की संभावना है। मुंबई में मानसून के पहुंचने की सामान्य तारीख 10 जून है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान 50-70kmph की रफ्तार से हवा चलेगी। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बारिश के साथ ओले गिर सकते है। बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ इलाकों में भारी बारिश का अनुमान है। केरलम, कर्नाटक और पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी रह सकता है।

### ट्रक-ट्रेलर की टक्कर के बाद जिंदा जले दो लोग

**बाराबंकी।** लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर चौबीसी के पास मंगलवार तड़के भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस के अनुसार मुर्गी दाना लादकर जा रहे ट्रक में पीछे से एक ट्रेलर टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई। आग की चपेट में आने से खाली ट्रेलर के चालक और उसपर सवार एक अन्य जिंदा जल गए।

### महाराष्ट्र में कार और बाइक की टक्कर में 6 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले से एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना मंगलवार सुबह करीब 7 बजे जलगांव के अमलनेर इलाके में 'लोंढे फाटा' के पास हुई।

### जयपुर में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से 3 की मौत, पांच गंभीर

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के खो नागोरियान क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक घर में संचालित पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने और विस्फोट होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिस मकान में हादसा हुआ, वहां घर के भीतर ही पटाखा निर्माण का काम चल रहा था।

### अखिलेश ने किया भाजपा के 225 विधायकों के टिकट कटने का दावा



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में 225 सीटों पर भाजपा के विधायकों के टिकट कटने का दावा किया है। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर लिखा,'सुना है इलाहाबाद की सारी सीटों पर भाजपा अपने प्रत्याशी बदलने जा रही है, क्योंकि भाजपा को लगता है कि ये सारे विधायक केवल खाने-कमाने में लगे रहे और लोकसभा सीट हाथ से निकल गई। यही फार्मूला उप्र की उन सभी 43 लोकसभा सीटों पर लागू किया जा रहा है, जहां इंडिया गठबंधन की जीत हुई थी और बाकी उन नौ-10 सीटों पर भी जहां भाजपा हेरफेर करके सर्टिफिकेट से जीती थी, वोट से नहीं। इसका मतलब तो ये हुआ कि लगभग 225 सीटों पर प्रत्याशी बदले जाएंगे।'

## क्रॉस वोटिंग के डर से कांग्रेस विधायक बेंगलुरु रवाना

● एमएलए को खरीदने की कोशिश में नोटों की गड्डी से भरी थैली लेकर घूम रहे भाजपाई!

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों के लिए 18 जून को होने वाले मतदान में क्रॉस वोटिंग से बचने और अपने खेमे को एकजुट रखने के मकसद से कांग्रेस ने अपने विधायकों को पार्टी शासित कर्नाटक ले जाने का फैसला किया है। पार्टी के एक विधायक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि पार्टी के सभी विधायकों को किसी कांग्रेस शासित प्रदेश में ले जाया जाएगा क्योंकि भाजपा उनके विधायकों को कथित तौर पर खरीदने का प्रयास कर रही है। पार्टी के कुछ विधायकों ने उन्हें बताया है कि भाजपा के लोग नोटों से भरी थैली लेकर उनसे संपर्क करने आए थे लेकिन उन्होंने उन्हें लौटा दिया। सिंघार ने दावा किया कि 18 तारीख को मतदान के दिन भाजपा का सारा षड्यंत्र विफल होगा। सौंसर विधायक विजय रेवानाथ चौरे ने कहा कि सभी विधायक भोपाल से बेंगलुरु जा रहे हैं। भाजपा खरीद फरोख्त के प्रयास कर रही है इसलिए पार्टी के शीर्ष नेताओं ने विधायकों को एक साथ किसी कांग्रेस शासित राज्य में रखने का फैसला किया है।

### सोशल मीडिया पर अब 'इश्क करो पार्टी' की इन्ट्री

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की उपज कॉकरोच जनता पार्टी के बाद अब मार्केट में इश्क करो पार्टी की एंट्री हुई है। खास बात यह है कि तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा को इस पार्टी को ज्वाइन करने का ऑफर भी मिला है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने भारतीय युवाओं से इश्क करो पार्टी नाम की नई पहल से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने इसे युद्ध नहीं, प्यार करो के सिद्धांत पर बना एक मंच बताया है। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में मार्कंडेय काटजू ने कहा कि जो लोग इश्क करो पार्टी से जुड़ना चाहते हैं वे ishqkaroparty@gmail.com पर लिख सकते हैं।

### बाजार में बढ़त, सेंसेक्स 418 अंक चढ़ा, निफ्टी 23200 के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को बढ़त दिखी। प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सोमवार की गिरावट के बाद बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 418.98 (0.56इ) अंकों की बढ़त के साथ 73,943.24 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 123.85 (0.54 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 23,246.85 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब एक फीसदी की नरमी का निवेशकों के बीच सकारात्मक रुझान दिखा। इंडिगो और ट्रेंट जैसे शेयरों में करीब-करीब दो फीसदी की बढ़त दिखी। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 20 पैसे बढ़कर 95.41 पर पहुंच गया।

### सिजेरियन डिलीवरी के बाद 6 महिलाओं की किडनी फेल

**जयपुर।** कोटा के मेडिकल कॉलेज के बाद बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भी डॉक्टरों की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक महीने पहले कोटा में सिजेरियन डिलीवरी के बाद किडनी फेल होने से 5 महिलाओं (माताओं) की मौत हो गई थी। कई अन्य महिलाओं को गंभीर हालत में दूसरे प्राइवेट अस्पतालों में शिफ्ट करना पड़ा था। इसी तरह बीकानेर में भी सिजेरियन डिलीवरी के बाद एक के बाद एक 6 महिलाओं की हालत बिगड़ गई। उनकी किडनी फेल हो गईं। इन मरीजों का डायलिसिस चल रहा है। सभी को आसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। फलोदी की रहने वाली 20 साल की प्रीति वेंटिलेटर पर हैं।

### टीएमसी की नेता सब्यसाची गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता सब्यसाची दत्ता को रंगदारी और आपराधिक धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें मंगलवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के रायगाछी स्थित उनके घर से हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, एक व्यवसायी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2018 में दत्ता ने उससे एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम की मांग की थी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया।

### बिहार में शराब तस्कर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

**मुजफ्फरपुर।** पारू थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव में देर रात शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों और ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया। उपद्रवियों ने पुलिस टीम को घेरकर उन पर ताबड़तोड़ ईंट-पत्थर बरसाए, जिसमें एक महिला सिपाही सहित कुल आठ पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले में पुलिस की गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव है और पुलिस गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।




## खान सर की गिरफ्तारी पर रोक

● पुलिस से मांगी केस डायरी



**पटना।** फायरिंग मामले में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पुलिस से केस डायरी की भी मांग की है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगले आदेश या अगली सुनवाई तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई कठोर या दबावपूर्ण कार्रवाई न की जाए। सोमवार को खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर खान सर की ओर से पटना के जिला एवं सत्र कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई। खान सर पर हत्या की कोशिश और हथियारों के अवैध इस्तेमाल का मामला दर्ज है। इधर, खान सर की कोचिंग पर हमला मामले में जेल में बंद ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद की जमानत पर भी आज फैसला आ सकता है। सोमवार को इसी मामले में जेल में बंद खान सर के दो सिक्योरिटी गार्ड दीपक कुमार और तालेबर सिंह की जमानत पर भी सुनवाई हुई।

### ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर की जमानत याचिका खारिज

**पटना।** राजधानी के मुसल्लहपुर हाट स्थित खान ग्लोबल स्टडीज पर हमले और फायरिंग मामले में जेल भेजे गए ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद को बड़ा झटका लगा है। प्रथम श्रेणी अदालत ने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी। आज यह फैसला सुनाया। शनिवार को उनकी याचिका पर सुनवाई कर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था।

## कंगना के फिल्म की स्क्रीनिंग में चीफ गेस्ट बनकर पहुंचे सीएम



● कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देने वाली अदाकारी

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की एक विशेष स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया। रायपुर के एक प्रमुख मॉल में आयोजित इस खास शो के दौरान फिल्म जगत् और राजनीति की कई बड़ी हस्तियां एक साथ नजर आईं। इस विशेष प्रदर्शन में कंगना रनौत के साथ राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद, विधायक और अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह फिल्म लोगों को साहस तथा समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देगी।

जनमुख हिन्दी दैनिक सिटी लाइव


● तापमान अधिकतम : 43.3°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C

● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30

वाराणसी, 09 जून, मंगलवार 2026 (3)





## काशी में 22 जून से शुरू होगा अंबुवाची पर्व, महामुद्रा यंत्र के होंगे दुर्लभ दर्शन

● 22 से 26 जून तक मनाया जाएगा

**वाराणसी।** काशी की प्राचीन धार्मिक परंपराओं में शामिल अंबुवाची पर्व इस वर्ष 22 जून से शुरू होगा। कमच्छा स्थित मां कामाख्या मंदिर में पांच दिनों तक चलने वाले इस विशेष पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। तांत्रिक साधना, शक्ति उपासना और मां के रजस्वला स्वरूप से जुड़ा यह पर्व काशी की विशिष्ट धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। अंबुवाची पर्व 22 से 26 जून तक मनाया जाएगा। कामाख्या मंदिर में पांच दिवसीय पर्व के दौरान तीन दिनों तक मंदिर का कपाट बंद रहेगा। 22 को दिन में मां के श्रृंगार और पूजन होगा। रात में महाआरती और पूजन के साथ अंबुवाची पर्व शुरू हो जाएगा। इसके बाद 25 जून तक मंदिर का कपाट बंद हो जाएगा। इस दौरान मां रजस्वला हो जाती हैं। पांच दिनों तक भक्त मंदिर में पूजन अर्चन करेंगे।

## बादलों ने डाला डेरा

● दस दिनों में दस्तक देगा मानसून



**वाराणसी।** वाराणसी में मौसम का रुख लगातार बादलों की ओर हो चला है। माना जा रहा है कि अब पूरी तरह से प्री मानसूनी सक्रियता का रुख हो सकता है। जबकि आर्द्रता में इजाफा और लोकल हीटिंग बादलों की सक्रियता कराएगा जि-सकी वजह से बादलों की आवाजाही होगी और बूंदाबांदी का रुख भी रह सकता है। मौसम विभाग ने बादलों की आवाजाही इस पूरे सप्ताह तक बने रहने का अनुमान जताया है। इसके साथ ही प्री मानसूनी सक्रियता का दौर लोगों को राहत देगा। माना जा रहा है कि आने वाले दस दिनों में मानसून उत्तर प्रदेश की दहलीज पर सोनभद्र के रास्ते दस्तक देगा। सोनभद्र में भी स्थानीय लोग खोड़वा पहाड़ की ओर टकटकी लगाकर बादलों की आमद की राह देख रहे हैं। आज मंगलवार की सुबह धूप निकली लेकिन नौ बजते आसमान पर बादलों ने कब्जा जमा लिया। दिन चढ़ने के बाद भी वातावरण में बादलों की सक्रियता का असर बना रहा। आने वाले दिनों में बादलों की आवाजाही का अनुमान जताया गया है। इसके साथ ही रात का तापमान भी बढ़ सकता है। बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 43.3°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 26.4°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.0 डिग्री कम रहा।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में लापरवाही पर 4 प्रिंसिपलों का रोका गया वेतन

वाराणसी। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर लापरवाही करने वाले चार प्रिंसिपलों पर बड़ा एक्शन लिया गया है। वाराणसी के अ्ध्यए भोलेंद्र प्रताप सिंह की ओर से चार प्रिंसिपलों का जून महीने का वेतन अगले आदेशों तक रोकने का निर्देश दिया है। सभी कार्यरत कार्मिकों के पहचान पत्र बनाने के लिए गूगल शीट का लिंक उपलब्ध कराते हुए उनका विवरण फीड की कराने के लिए निर्देश दिए गए थे। 6 जून तक गूगल शीट पर इस जानाकरी को फीड करना था। इसमें भारत सेवक समाज इंटर कॉलेज हथियर, मारकंडेय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैथी, रुक्मिणी विद्यालय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैजनत्था और राज कुमारी बालिका इंटर कॉलेज कनियर के प्रिंसिपलों ने जानकारी गूगल शीट पर नहीं भरी थी। इस लापरवाही के लिए वेतन रोकने का आदेश जारी कर दिया गया है।


जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा


स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com


# जा रही थी परीक्षा देने रास्ते में खड़ी थी मौत

## बेकाबू अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पिता-पुत्री को कुचला, एक अन्य गंभीर

● सड़क पर दूर तक बिखर गए लाशों के टुकड़े



**वाराणसी।** वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत हो गई। वे बेटी को पुलिस भर्ती परीक्षा दिलाने जा रहे थे। बाइक चला रहा उनका पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के का-दोपुर गांव निवासी पृथ्वीनाथ सोनकर (64) और उनकी बेटी आंचल सोनकर (20) के रूप में हुई है। वे जौनपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा दिलाने के लिए जा रहे थे। उनके पड़ोसी दिनेश सोनकर बाइक चला रहे थे। यह हादसा फूलपुर थाना क्षेत्र के बाबतपुर-जौनपुर बाईपास मार्ग पर बेलवा नागापुर के पास हुआ। एक अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिर गए। अज्ञात वाहन पिता और पुत्री को कुचलते हुए आगे निकल गया, जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। शव के टुकड़े करीब 10 मीटर तक बिखर गए। हादसे के दौरान बाइक चला रहे दिनेश ने हेलमेट पहन रखा था। इससे उनके सिर में चोट नहीं लगी। हालांकि उनके अन्य बॉडी पार्ट में गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल दिनेश सोनकर को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडरा भेजा गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पिता-पुत्री के शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवक की गोली मारकर हत्या

● बाइक सवार दो बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम



**वाराणसी।** वाराणसी में सोमवार देर रात बाइक सवार 2 बदमाशों ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। युवक घर के बाहर टहल रहा था। जब वह वापस आ रहा था, तभी एक बाइक से दो लोग उसके पास पहुंचे। बदमाशों ने पीछे से पीठ में गोली मार दी। इसके बाद फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर रोहनिया थाना की पुलिस पहुंची। युवक को घायल अवस्था में ट्रामा सेंटर में एडमिट कराया गया। जहां रात भर युवक का इलाज चला। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस पूछताछ में मरने से पहले युवक ने बताया था कि एक बाइक से 2 बदमाश आए थे। उन्हीं दोनों ने उसे गोली मारी।

## सीसीटीवी की निगरानी में दस हजार कॉपियों की होगी स्क्रूटनी

● चार सदस्यीय कमेटी के सदस्य हमेशा रहेंगे मौजूद

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड के असंतुष्ट छात्र छात्राओं की कापियों की स्क्रूटनी का काम शुरू हो रहा है। यूपी बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार, स्क्रूटनी का काम सीसीटीवी की निगरानी में होना है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी में बने कंट्रोल रूम में स्क्रूटनी कराई जाएगी। इंटरमीडिएट में आठ हजार से ज्यादा व हाईस्कूल में 1600 से ज्यादा कापियों की स्क्रूटनी होनी है। यह काम 15 जून तक पूरा कर लिया जाना है। स्क्रूटनी कार्य में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जा रही है, इसी उद्देश्य से कैमरे की निगरानी में यह काम होना है। इसके अलावा चार सदस्यीय एक टीम भी गठित कर दी गई है स्क्रूटनी के दौरान वहां मौजूद रहेंगे।

## परिंदा भी पर नहीं मार सकता

### पुलिस भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन

● निगरानी के सख्त इंतजाम, एआई कैमरे से निगरानी



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का आज मंगलवार को दूसरा दिन है। परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित होनी है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक होगी जबकि दूसरी पाली की परीक्षा तीन बजे से शाम पांच बजे तक होनी है। आठ जून से यह परीक्षा आयोजित हो रही है जो 10 जून तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। अभ्यर्थियों के कपड़ों की चेकिंग हुई। जूते उतरवाकर तलाशी ली जा रही है। इसके अलावा सिस्टम की निगरानी एआई आधारित कैमरों से की जा रही है। कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस परीक्षा में कुल 1.32 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इसके लिए 50 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं, पहले दिन (आठ जून) की परीक्षा में करीब 29 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। आंकड़ों के अनुसार, पहली पाली की परीक्षा में 22032 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। यहां 6560 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## अक्टूबर में नमो घाट पर फाइटर जेट्स का शो

**वाराणसी।** भारतीय वायु सेना अक्टूबर में वाराणसी के नमो घाट पर एक एयर शो आयोजित करेगी। गंगा नदी के किनारे होने वाले इस आयोजन में वायु सेना के युद्धक विमान और एरोबेटिक टीमें हवाई करतबों का प्रदर्शन करेंगी। इस शो को देखने का अवसर काशीवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी मिलेगा। एयर शो की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर बैठकें शुरू हो गई हैं। जिला प्रशासन, एयरपोर्ट अथॉरिटी और भारतीय वायु सेना के अधिकारी आयोजन को सफल बनाने के लिए लगातार चर्चा कर रहे हैं।

## आयुष मंत्री ने किया पौधारोपण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान पीपल, नीम, आम, जामुन, अमरूद, चीकू एवं आंवला सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। सिगरा स्थित पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण के पश्चात आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

## टाऊनहाल पार्क की बदलेगी तस्वीर

● 25 लाख की लागत से सौन्दर्यीकरण



**वाराणसी।** प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने सोमवार को टाउनहॉल मैदागिन स्थित गांधी उद्यान पार्क का 24.99 लाख रूपये लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि गांधी उद्यान पार्क में बच्चों, बूढ़े सभी के उपयोग हेतु जिम, पाथवे बनाए जाने के साथ ही बैठने के लिए स्थाई बेंच भी लगाए जाएँगे। उन्होंने गांधी उद्यान पार्क का सुंदरीकरण कार्य कर रहे कार्यदाई संस्था के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सुंदरीकरण कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाए। पाथवे मानक के अनुरूप बनाया जाए। उद्यान में लगने वाले जिम के सामान भी उच्च क्वालिटी के होने चाहिए।

## मंत्री ने सार्वजनिक स्थानों पर लगवाए वाटर कूलर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** चिलचिलाती एवं भीषण गर्मी में आम जनमानस को राहत पहुंचाने के दृष्टिगत ठंडा पानी लोगों को उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रदेश के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने अपने उत्तरी विधानसभा क्षेत्र कार्यालय पर सोमवार को राम जानकी मंदिर शिवपुर, रामलीला मैदान चौकाघाट, सारंग चौराहा, आशापुर चौराहा, सेंट्रल बैंक बड़ी बाजार, हनुमान मंदिर पर शैलपुत्री तिराहा, पंचकोसी चौराहा, शंभो माता जलालीपुरा पर वाटर कूलर के स्थापना के लिए उपलब्ध कराया।

## पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के मामले में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी नाराज



● राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार पवन कुमार सिंह द्वारा विभाग की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के स्वयं सहायता समूह से जुड़ने की धीमी प्रगति प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी बैठक तक संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे अधिक से अधिक पात्र एवं योग्य महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर मिशन द्वारा संचालित योजना का लाभ ले सके एवं लखपति महिला क्लब में शामिल हो सकें।

## निगम और रेलवे विभाग के बीच होगा 227.5 बीघा भूमि का आदान-प्रदान

**वाराणसी।** नगर निगम शहर में बुनियादी ढांचे के विकास और जनहित की योजनाओं को गति देने में जुटा हुआ है । इस क्रम में निगम 227.5 बीघे (57.6 हेक्टेयर ) से अधिक भूमि रक्षा संपदा व रेलवे विभाग से आदान-प्रदान करने का निर्णय लिया है। निगम की कार्यकारिणी व सदन से इसकी मंजूरी मिल चुकी है। निगम इन भू-भागों का उपयोग जनसुविधाओं, ट्रैफिक मैनेजमेंट और पार्किंग जैसी सेवाओं के लिए करेगा, जो शहर की बढ़ती ट्रैफिक समस्याओं को कम करने और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। मेयर ने कहा कि शहर के चहुंमुखी विकास और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए यह भूमि विनिमय अत्यंत आवश्यक है।




## सुल्तानपुर समाचार

### एसपी ने पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित 13वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सोमवार को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। अमीना ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दो गोल्ड और चार ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। मान्यता और प्रज्ज्वल ने गोल्ड मेडल हासिल किए हैं, जबकि प्रियांशु तिवारी, सत्यांश आर श्रीवास्तव, साक्षी और यथार्थ मौर्य ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। पुलिस अधीक्षक ने कोच अमीना बानो की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। अमीना ताइक्वांडो अकादमी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में भी अकादमी ने बच्चों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अभिभावक भी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, बच्चों की नियमित जांच पर जोर

**भदैंया।** खंड विकास अधिकारी नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभिन्न योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर चर्चा हुई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरपी सिंह ने पोषण स्थलों और आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।
उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी चर्चा की। महिला एवं बाल विभाग की समीक्षा में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन पर जोर दिया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी दयाराम ने टीम के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा।

## मऊ समाचार

### शारजाह में बस हादसे में कोपागंज के युवक की मौत

**मऊ।** संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में रविवार शाम को हुए बस हादसे में कोपागंज नगर पंचायत के शिवपुर हिकमा गाढ़ा मोहल्ले के अब्दुल राशिद पुत्र जाकिर की मौत हो गई। ऐजाज पुत्र अफताब उर्फ भुवर घायल है। हादसे की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। दोनों रोजगार के सिलसिले में दुबई गए हुए थे और वहीं काम कर रहे थे। ऐजाज के पिता अफताब उर्फ भुवर ने बताया कि आर्थिक तंगी को देखते हुए और अपनी चार बहनों व तीन भाइयों के भरण-पोषण की जिम्म-दारी के चलते वह एक माह पहले गया था। जबकि अब्दुल राशिद अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही माता-पिता बेसुध हो गए। परिवार का एकमात्र सहारा छिन जाने से घर में मातम पसरा हुआ है।

## सोनभद्र समाचार

### 15 जून से योग सप्ताह शुरू होगाःअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज, जिलाधिकारी ने दिए निर्देश



**सोनभद्र।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन और योग सप्ताह कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक हुई। इसमें 15 जून से 21 जून तक जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले योग सप्ताह के कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस और योग सप्ताह के सभी कार्यक्रम व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किए जाएं। उन्होंने सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने का आदेश दिया। योग सप्ताह का शुभारम्भ 15 जून को कलेक्ट्रेट परिसर से होगा। इसके अतिरिक्त, शिवाजी मिनी स्टेडियम, जिला कारागार, तहसीलों, विकास खण्डों, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, पार्कों और नदी तटों पर सामूहिक योगाभ्यास, योग प्रतिज्ञा, प्रतियोगिताएं, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा विशेष योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी उपस्थित रहे।

## भदोही समाचार

### सरसों पेराने निकली किशोरी की बाइक की टक्कर से मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के चितईपुर बैदा गांव के पास सोमवार को बाइक की चपेट में आने से नंदिनी (13) बेटी देवी प्रसाद बिंद निवासी चितईपुर की मौत हो गई। घटना में बाइक सवार पिंटू (24) निवासी गोधना सूफीनगर घायल हो गया, जबकि एक युवक भाग गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
चितईपुर निवासी नंदिनी सोमवार को दोपहर में घर से सरसों लेकर तेल पेराने जा रही थी। इसी दौरान शांति बालिका इंटर कॉलेज धीरपुर के पास बाइक सवार ने धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जौनपुर समाचार

### पारा 42 डिग्री पार, अस्पताल में मरीज बढ़े, भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**जौनपुर।** भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। जिले में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है।
तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग दिन के समय घरों से निकलने से बच रहे हैं। सुबह 10 बजे के बाद ही सड़कें सूनी दिखाई देने लगती हैं। वहीं, शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है, जो गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
इस दौरान 15 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं। रात में भी बढ़ते तापमान के कारण लोगों को गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिल पा रही है। चिकित्सकों ने भीषण गर्मी से बचाव के लिए लोगों को आवश्यक उपाय अपनाने की सलाह दी है।
मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। आने वाले दिनों में भी मौसम में और बदलाव की उम्मीद है।

## गोरखपुर समाचार

### छत के पास से गुजर रही एलटी लाइन की चपेट में आने से महिला की मौत

**सरदारनगर (गोरखपुर)।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के जंगल मठिया गांव में सोमवार शाम महिला की करेंट लगने से मौत हो गई।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, रीता देवी (45) पत्नी राजकुमार शाम को अपने घर की छत पर गई थीं।
इसी दौरान छत के समीप से गुजर रही एलटी लाइन की चपेट में आ गईं, जिससे वह गंभीर रूप से झुलसकर अचेत हो गईं।
परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल उपचार के लिए एम्स लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की मौत करंट लगने से हुई है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रयागराज समाचार

### ब्लैकमेलिंग से परेशान छात्रा फंदे पर लटकी



**प्रयागराज।** मेजा में 16 वर्षीय छात्रा अमीशा पटेल ने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पड़ोसी युवक पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। वह मटिहि बकचूंदा गांव की रहने वाली थी और 12वीं की छात्रा थी। परिजनों के मुताबिक, पड़ोसी युवक सचिन पटेल लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था। आरोप है कि सोमवार शाम करीब सात बजे जब छात्रा शौच के लिए घर से बाहर गई थी, तब भी युवक ने उसके साथ अभद्रता की। मानसिक रूप से हो गई थी परेशान
परिवार का आरोप है कि आरोपी युवक छात्रा को बदनाम करने की धमकी देता था। इसी वजह से वह मानसिक रूप से परेशान थी और तनाव में चल रही थी। मंगलवार सुबह करीब छह बजे छात्रा ने कमरे का दरवाजा बंद कर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित पिता राजबाबू पटेल ने मेजा थाने में आरोपी सचिन पटेल के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मौके पर फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और जांच-पड़ताल की। एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## देवरिया समाचार

### दो मंजिला मकान पर काम कर रहे मजदूर की गिरकर मौत

**बरहज।** क्षेत्र के देईडीहा गांव में दो मंजिला मकान पर काम कर रहे पिपरा भुल्ली गांव निवासी मजदूर रमेश प्रसाद (45) सोमवार की शाम गिरकर घायल हो गए। इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रमेश की मौत की जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। लोगों का कहना था कि दूसरे मंजिल पर काम कर रहे रमेश मकान से सटकर गए केबल में प्रवाहित हो रहे करेंट के जद में आ जाने से छत से गिर गए थे। पिपरा भुल्ली गांव निवासी रमेश प्रसाद करीब एक सप्ताह से देईडीहा गांव स्थित निर्माणाधीन मकान पर कार्य कर रहे थे। लोगों का कहना है कि मकान से सटकर बिजली का केबल गया हुआ है, जिसके संपर्क में आने पर वह झटका खाकर छत से नीचे गिर पड़े।

## गाजीपुर समाचार

### निकाय चुनाव होंगे हाईटेक : पहली बार ईवीएम से मतदाता करेंगे वोट

**गाजीपुर।** जिले की तीन नगर पालिकाओं और पांच नगर पंचायतों के चुनाव अब पारंपरिक बैलेट पेपर से नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनावों में ईवीएम के प्रयोग की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्रदेश स्तर पर ई-निविदा जारी की गई है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद जिले के निकाय चुनाव हाईटेक हो जाएंगे और मतगणना प्रक्रिया भी पहले की तुलना में अधिक तेज और पारदर्शी होगी। अब तक नगर निगम चुनाव ही ईवीएम के माध्यम से कराए जाते थे, जबकि नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत चुनावों में मतपत्रों का इस्तेमाल होता था। पहली बार नगर पालिका और नगर पंचायतों में भी ईवीएम से मतदान कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 75 जिलों के लिए 1.40 लाख बैलेट यूनिट और 55 हजार कंट्रोल यूनिट खरीदने की प्रक्रिया शुरू की है। आयोग की ओर से जारी ई-निविदा में मशीनों की खरीद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) गुणराज ने बताया कि लखनऊ में हुई बैठक में निकाय चुनावों में ईवीएम के उपयोग का निणर्य लिया गया है। जिले में इसके अनुरूप तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिले में नगर पालिका परिषद गाजीपुर, जमानियां और मुहम्मदाबाद के अलावा सदात, जंगीपुर, दिलदारनगर, बहादुरगंज और सैदपुर नगर पंचायतों में ईवीएम से मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन विभाग के अनुसार जिले के करीब 300 मतदान केंद्रों पर लगभग 300 बैलेट यूनिट और 300 कंट्रोल यूनिट का उपयोग होगा।

## बलिया समाचार

### गर्भ में बच्चे की मौत, एएनएम और झोलाछाप पर गलत दवा देने का आरोप

**नगरा।** थाना क्षेत्र के इंद्रौली मलकौली गांव निवासी सुमन पांडेय ने बहू के गर्भ में पल रहे नवजात बच्चे को गलत दवा देकर मारने का आरोप एएनएम तथा नगरा स्थित एक महिला झोलाछाप पर लगाया है। पुलिस जांच कर रही है। सुमन पांडे ने दी तहरीर में आरोप लगाया कि बहू नेहा को नौ माह गर्भ था। 23 मई को बहू को प्रसव पीड़ा होने पर अपने गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई। वहां पर तैनात एएनएम ने मेरी बहू का अल्ट्रासाउंड जांच करने के लिए नगरा स्थित डायग्नोस्टिकसेंटर पर ले गई तथा बगल में स्थित झोलाछाप महिला डॉक्टर के यहां भर्ती कर दिया। डीएनएस का पानी चढ़ा कर वापस घर भेज दिया। देर रात मेरी बहू के पेट में दर्द उठना शुरू हुआ तो फिर नगरा में उक्त झोलाछाप के पास पहुंची।

## मीरजापुर समाचार

### सबका साथ-सबका विकास का सपना साकार कर रही योगी सरकार



**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश का आत्मनिर्भर युवा आत्मनिर्भर भारत का आधार बने इसी मूलमंत्र के साथ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) योजना युवाओं के सपनों को उड़ान देने में मील का पत्थर साबित हो रही है। योजना की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले महफूज रोजगार के लिए कभी सऊदी अरब जाने की सोच रहे थे। लेकिन 'सीएम-युवा' योजना से लाभान्वित होकर वे अब आधुनिक सैलून का संचालन कर रहे हैं। महफूज ने प्रतिमाह मोटा मुनाफा कमाने के साथ ही 3 युवाओं को रोजगार भी दे रखा है। सदर तहसील क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी महफूज अंसारी बताते हैं कि रोजगार के लिए उनके गांव के आधा दर्जन से अधिक लोग सऊदी अरब गए हैं और वहां पर नाई का काम कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। इसलिए उन्होंने भी स्नातक तक शिक्षा ग्रहण करने के बाद सऊदी अरब जाने की चाह के चलते गांव के पास में ही हेयर कटिंग का काम सीखा। इसी बीच उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सीएम-युवा योजना के बारे में पता चला। जिसके बाद उन्होंने जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में आवेदन किया और सरकार की मदद से उन्हें 5 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध हो सका। जिसके बाद उन्होंने पक्का पोखरा इलाके में किराए पर दुकान ली व दुकान में आधुनिक साज-सज्जा के साथ सैलून चेयर, हेयर शैम्पू चेयर इत्यादि वाराणसी से मंगाकर स्थापित की। महफूज बताते हैं कि दुकान खोलने के बाद उन्हें बहुत अच्छा मुनाफा हो रहा है। सभी खर्च निकालने के बाद उन्हें 30 हजार रुपये प्रतिमाह की आमदनी हो रही है जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण अच्छे से कर पा रहे हैं। उन्होंने अपनी दुकान में तीन अन्य लोगों को रोजगार भी दे रखा है जो प्रतिमाह 15 हजार रुपये तक कमाते हैं। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए महफूज कहते हैं कि यह योजना उन युवाओं के लिए बहुत मददगार है जो जीवन में कुछ करना चाहते हैं। मैंने मेहनत की और सरकार की मदद से मैं आत्मनिर्भर बना हूं। लेकिन मुझे यहीं नहीं रुकना है। जल्द ही जिले में कई अन्य स्थानों पर सैलून खोलने की योजना है।

## आजमगढ़ समाचार

### गवाही रुकवाने के लिए भानु से कराई गई थी दूध व्यवसायी की हत्या



**आजमगढ़।** मुबारकपुर के चर्चित दूधिया हत्याकांड में वांछित इनामी अपराधी भानु प्रताप सिंह उर्फ बब्लू सिंह आखिरकार अयोध्या में एसटीएफ प्रयागराज और पुलिस की कार्रवाई के दौरान मारा गया। आजमगढ़ पुलिस जांच में उसका नाम कथित सुपारी किलर के रूप में सामने आया था। आरोप था कि गवाही रुकवाने की साजिश के तहत उसने सुपारी लेकर दूध व्यवसायी पतिराज यादव उर्फ टिल्लू की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की थी। आजमगढ़ में भानू पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि 27 अक्तूबर 2025 को मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव के पास दूध बेचने जा रहे पियरोपुर निवासी पतिराज यादव की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतक की पुत्री रिया की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और पूछताछ में गोरखपुर जिले के बेलघाट थाना क्षेत्र के विधानापार गांव निवासी भानु प्रताप सिंह का नाम सामने आया। आरोप लगा कि उसने अपने एक साथी के साथ वारदात को अंजाम दिया था। भानु प्रताप की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लंबे समय से प्रयास कर रही थी। पहले उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया, जिसे बाद में बढ़ाकर 50 हजार और फिर एक लाख रुपये कर दिया गया। इसके अलावा अंबेडकरनगर और गोरखपुर पुलिस ने भी उस पर अलग-अलग इनाम घोषित कर रखा था।

## चंदौली समाचार

### बिना पंजीकरण चल रहा था अस्पताल, ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत से मचा हड़कंप



**चकिया।** नगर के बुद्ध नगर कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत के मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और निजी अस्पतालों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले के तूल पकड़ने के बाद सोमवार को स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और जांच के दौरान अस्पताल को अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर उसे सील कर दिया। वहीं मृतका के परिजनों ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामला चकिया नगर के वार्ड नंबर सात बुद्ध नगर कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल का है, जहां रविवार को इलाज के दौरान 22 वर्षीय विनीता पासवान की मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। बिहार के कैमूर जिले के चांद थानाक्षेत्र स्थित लाहोपाकड़ गांव निवासी दीपक पासवान अपनी गर्भवती पत्नी विनीता पासवान को प्रसव पीड़ा होने पर छह जून को चकिया स्थित संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे थे। जहां चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पति दीपक पासवान ने आरोप लगाया कि कि इसी दौरान उन्हें एक निजी अस्पताल के दलाल ने अपने झांसे में ले लिया और बेहतर इलाज का भरोसा देकर नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचा दिया। आरोप है कि अस्पताल में मोटी रकम लेकर प्रसूता का ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद उसने एक बच्ची को जन्म दिया। परिजनों के अनुसार प्रसव के अगले दिन प्रसूता की हालत अचानक बिगड़ने लगी लेकिन अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। आरोप लगाया गया कि अस्पताल में मौजूद अप्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी ने आनन-फानन में कई इंजेक्शन लगाए, जिसके बाद उसकी स्थिति और गंभीर हो गई तथा कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि स्थिति बिगड़ती देख अस्पताल कर्मी घबरा गए और प्रसूता को अपने वाहन से वाराणसी के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां पहुंचने के बाद अस्पताल कर्मी उन्हें छोड़कर फरार हो गए। बाद में परिजन किसी तरह शव को लेकर वापस चकिया पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई। नोडल अधिकारी डॉ. संजय सिंह और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. विकास सिन्हा के नेतृत्व में टीम ने अस्पताल पहुंचकर जांच शुरू की। जांच के दौरान अस्पताल के अभिलेखों और दस्तावेजों की पड़ताल की गई।

## लाइफ मंत्र

### जल्दी ही आ रहे हैं भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों से मिलने, जानिए कब से शुरू होगी रथ यात्रा?

सनातन धर्म में जगन्नाथ पुरी धाम का विशेष महत्व है, जो चार धामों में से एक माना जाता है। हर साल की तरह, साल 2026 में भी भगवान जगन्नाथ, अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस विश्व प्रसिद्ध 'रथ यात्रा' की तैयारियां अभी से चर्चा में हैं। आस्था और भक्ति का यह अनूठा उत्सव न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होता है। साल 2026 में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा 16 जुलाई, गुरुवार से शुरू होगी। यह यात्रा पुरी स्थित मुख्य मंदिर से शुरू होकर



गुंडीचा मंदिर (भगवान की मौसी का घर) तक जाती है। लगभग 9 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव का समापन 24 जुलाई 2026 को 'बहुदा यात्रा' यानी वापसी यात्रा के साथ होगा।

**बाहुड़ा यात्रा क्या है?**

'बाहुड़ा' शब्द ओड़िया भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ 'वापसी' होता है। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अपने विशाल रथों पर गुंडिचा मंदिर से वापस अपने मुख्य मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। यह यात्रा भी रथ यात्रा की तरह ही भव्य और उत्साहपूर्ण होती है, बस इसकी दिशा विपरीत होती है। भगवान बलभद्र का रथ 'तालध्वज', देवी सुभद्रा का रथ 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदीघोष' हैं।

**रथ यात्रा का आध्यात्मिक महत्व**

भारतीय जनमानस की भक्ति के प्राणाधार श्री कृष्ण का सबसे दयालु स्वरूप भगवान जगन्नाथ है। भगवान जगन्नाथ अर्थात भक्त के नाथ, जगत के नाथ दयालु भगवान। इस स्वरूप में विशाल नेत्रों के साथ बांहें पसारे भगवान जगन्नाथ भक्त को अपने आलिंगन में लेने के लिए उसे पुकार रहे हैं। भगवान जगन्नाथ रथयात्राओं के आयोजन का वास्तविक अर्थ भक्त एवं भगवान का मिलन है।

**तीनों रथों की अनोखी विशेषताएं**

रथ यात्रा के लिए भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और जगन्नाथ जी के रथ अलग-अलग होते हैं, जिनका निर्माण धार्मिक विधि से अक्षय तृतीया के दिन से आरंभ होता है। वर्तमान समय में अभी इनका निर्माण चल रहा है।


**नंदी घोषः** भगवान जगन्नाथ का रथ नंदी घोष 45 फीट ऊंचा होता है, जिसमें 16 पहिये होते हैं। इसका रंग लाल और पीला होता है। इस रथ के रक्षक के रुप में महावीर बजरंगबली और भगवान नृसिंह के प्रतीक अंकित किए जाने का विधान है। रथ यात्रा में जगन्नाथ जी का रथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के पीछे रहता है।

**तालध्वजः** जगन्नाथ जी के बड़े भाई बलभद्र का रथ है तालध्वज। जो रथ यात्रा का नेतृत्व करते हुए सबसे आगे रहता है। इसकी ऊंचाई 44 फीट रहती है, जिसमें 14 पहिये होते हैं। इसे पूर्ण रुप से नीले रंग से सजाया जाता है।

**दर्पदलनः** बहन सुभद्रा जी का रथ दोनों भाईयों के मध्य में चलता है। इसकी ऊंचाई 43 फीट है और इसमें 12 पहिये होते हैं

**बलभद्र जी का रथ (तालध्वज):** भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई बलभद्र जी का रथ सबसे आगे रहता है। इसकी ऊंचाई 44 फीट है और इसमें 14 पहिये होते हैं। यह नीले रंग की सजावट के साथ अपनी भव्यता बिखेरता है। ये रथ काले रंग से सुसज्जित होता है।

## Online Fraud पर WhatsApp का बड़ा एक्शन, नई 'Strict Setting' से आपका Account होगा फुलप्रूफ



व्हाट्सएप ने ऑनलाइन स्कैम से सुरक्षा के लिए नई 'स्ट्रिक्ट अकाउंट सेटिंग' पेश की है, जिसे प्राइवेसी के एडवांस ऑप्शन से इनेबल किया जा सकता है। यह सेटिंग टू-स्टेप वेरिफिकेशन, अननोन कॉल साइलेंस और आईपी एड्रेस प्रोटेक्शन जैसे कई सिक्योरिटी फीचर्स को एक्टिवेट कर देती है। मेटा स्वामित्व WhatsApp अपने यूजर्स को स्कैमर्स से बचाने के लिए एक नई 'स्ट्रिक्ट अकाउंट सेटिंग' सुविधा लेकर आएं। गौरतलब है आज की इंटरनेट की दुनिया में ठगी के मामले सबसे ज्यादा आ रहा है। अधिकांश स्कैमर्स फिशिंग मैसेज, लिंक, एपीके आदि के जरिए ठगी का कार्य करते हैं। अब आप अपने WhatsApp अकाउंट में बस थोड़ा परिवर्तन करने के बाद अधिक सुरक्षित बना सकते हैं। असल में WhatsApp के ऑप्ट-इन फीचर 'स्ट्रिक्ट अकाउंट सेटिंग' के जरिए प्राइवेसी और सिक्योरिटी कंट्रोल्स को स्टार्ट कर सकते हैं-

**इससे क्या होगा बदलाव**

- जब आप स्ट्रिक्ट अकाउंट सेटिंग टर्न ऑन करने से टू-स्टेप वेरिफिकेशन लागू हो जाता है।
- फोन नंबर बदलने या वॉट्सऐप को री-इंस्टॉल करने या स्कैमर द्वारा अकाउंट में सेंध होने पर सिक्योरिटी नोटिफिकेशन आता है।
- किसी भी अनजान व्यक्ति के द्वारा भेजे गए टैचमेंट और मीडिया तुरंत ही अपने आप ब्लॉक हो जाएगी।
- इसके अलावा, अनजान नंबर से आने वाली कॉल खुद ही साइलेंट हो जाती है।
- कॉल के दौरान आपका आइपी एड्रेस छिपा रहेगा।
- प्रोफाइल संबंधी जानकारी और एक्टिविटी छिपी रहती हैं।
- आपका नंबर या ग्रुप में पहले से शामिल व्यक्ति ही ग्रुप चैट में एड कर पाएंगे।

**इन सेटिंग को इनेबल करें**

- सबसे पहले आप प्राइमरी डिवाइस की सेटिंग में जाएं।
- सेटिंग के प्राइवेसी सेक्शन में जाकर स्क्रॉल डाउन करें।
- अब आप एडवांस ऑप्शन चुनें और उसको टर्न ऑन कर दें। इससे स्ट्रिक्ट अकाउंट सेटिंग लागू हो जाएगी।
- वैसे इससे आप मैसेजिंग और कॉलिंग की सामान्य सुविधाओं का लाभ नहीं ले पाएंगे।



सत्यापन की जरुरत होती है।

# ATM Card की छुट्टी! अब Aadhaar से होगा Cash Withdrawal, जानें AePS का पूरा Process

**आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (AePS) एक डिजिटल भुगतान प्रणाली है, जिससे आप बिना डेबिट कार्ड के सिर्फ अंगूठा लगाकर पैसे निकाल सकते हैं। NPCI द्वारा संचालित यह सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में माइक्रो एटीएम के जरिए नकद निकासी, बैलेंस चेक और फंड ट्रांसफर जैसी बैंकिंग सेवाएं आसान बनाती है।**

इंटरनेट की दुनिया पर हर एक चीज डिजिटल होती जा रही है। भारत में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए सरकार और नेशनल पेमेंट्स ऑफ इंडिया (NPCI) लगातार नई सुविधाएं लेकर आने वाली है। इन में से एक है आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (AePS)।

बता दें कि, शुरुआत में इस सिस्टम का यूज सरकारी योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए किया गया था। अब यह ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया।

वर्तमान में AePS की मदद से लोग बिना डेबिट कार्ड और बैंक शाखा गए भी कई जरूरी बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। सिर्फ आधार नंबर और बायोमेट्रिक पहचान के जरिए नकद निकासी, बैलेंस चेक, पैसा जमा करने और फंड ट्रांसफर जैसी समस्याएं सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### AePS क्या है?

असल में AePS एक बैंक-आधारित डिजिटल भुगतान और बैंकिंग प्रणाली है, जिसे ञ्झ्रष्ठ संचालन करता है। इस सिस्टम का मुख्य उद्देश्य खासतौर पर उन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना है, जहां बैंक शाखाओं की पहुंच सीमित है।

गौरतलब है कि बैंकों द्वारा नियुक्त बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट (BC) माइक्रो एटीएम के माध्यम से ग्राहकों को सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। दूसरी ओर, छोटे दुकानदार BHIM Aadhaar Pay की मदद से ग्राहकों से आधार बेस्ड भुगतान भी स्वीकार कर पाएंगे।

### जानें इसकी सुविधाएं

AePS का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले आपका आधार बैंक खाते से लिंक होना चाहिए। इसकी सुविधा के जरिए ग्राहक अपना बैंक बैलेंस देख पाएंगे, नकद निकासी भी कर सकते हैं, खाते में पैसे जमा कर सकते हैं और एक खाते से दूसरे खाते में धनराशि भेज पाएंगे। वही, मिनी स्टेटमेंट प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

### AePS से बैंकिंग सेवा कैसे लें?

यदि आपका आधार कार्ड पहले से ही बैंक खाते से जुड़ा हुआ है, तो आप किसी भी माइक्रो "ऊश, बैंकिंग कियोस्क या AePS टचपॉइंट पर जा सकते हैं। वहां मौजूद ऑपरेटर को बताना होगा कि आपको कौन-सी सेवा चाहिए। फिर आधार नंबर दर्ज करें और बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाता है। पहचान सत्यापित होने के बाद बैंक खाते की जानकारी दर्ज की जाती है। जैसे कि आपको नकद निकासी का ऑप्शन चुनना हो, तो राशि तुरंत मिल जाता है। अन्य सेवाओ के लिए ट्रांजैक्शन की रसीद प्रदान की जाती है।

### बिना एटीएम के निकाले पैसे

अब AePS की मदद से बिना किसी एटीएम कार्ड के भी माइक्रो ATM या बैंकिंग एजेंट के जरिए नकद निकासी की जा सकती है। इसके लिए सिर्फ आधार नंबर और बायोमे ट्रिक


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762






बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138


# AC Cleaning में न करें ये बड़ी Mistake, महंगा Repair कराएगा हजारों का नुकसान



घर पर एसी की सफाई करते समय प्रेशर वॉशर का इस्तेमाल और इनडोर यूनिट पर सीधे पानी डालना बड़ी गलती साबित हो सकता है, जिससे कंप्रेसर और पीसीबी जैसे महंगे पाट्र्स खराब होकर बड़ा खर्च बढ़ा सकते हैं।

गर्मियों में तेजी से तापमान बढ़ रहा है। इस दौरान एसी का इस्तेमाल खूब हो रहा है। ऐसे में कई लोग घर पर ही एसी की सफाई करते हैं। यदि आप बिना किसी सही जानकारी के एसी सफाई करते हैं, तो एसी के सबसे महंगे पाट्र्स जैसे कि कंप्रेसर और पीसीबी को पल भर में फूंक सकती है। इसलिए एसी की सफाई करने से पहले जान लें सबसे बड़ी गलती।

### एसी साफ करते समय सबसे बड़ी गलती?

- अक्सर कई लोगआउटडोर यूनिट को साफ करने के लिए प्रेशर वॉशर या हाई प्रेशर वॉटर जेट यूज करते हैं, लेकिन यह तरीका गलता है। ऐसा करने से कॉइल्स के पतले एल्युमीनियम फिन्स मुड़ या चपटे हो सकते हैं।
- फिन्स खराब होने पर हीट एक्सचेंज प्रभावित हो सकती है, जिससे कूलिंग कम हो जाती है और कंप्रेसर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। लंबे समय में यह महंगे रिपेयर की वजह भी बन सकता है।

### इनडोर यूनिट पर सीधे पानी डालना पड़ सकता है भारी

आपको बता दें कि, इनडोर यूनिट के अंदर पीसीबी, फैन मोटर और इलेक्ट्रिकल वायरिंग मौजूद होती है। जो कि सफाई के दौरान सीधे पानी डाल दिया जाए, तो शॉर्ट सर्किट या इलेक्ट्रॉनिक पाट्र्स के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए आप इन हिस्सों की सफाई करने के लिए कोई ड्राई ब्रश, वैक्यूम क्लीनर या खास एसी फोम का यूज कर सकते हैं।

### गलत केमिकल से कॉइल सको हो सकता है नुकसान

अक्सर लोग एसी की कॉइल साफ करने के लिए ब्लीच, तेजाब, कड़े रसायन या सामान्य डिटर्जेंट का इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन ऐसा करना सही नहीं माना जाता। ये पदार्थ कॉइल की परत को क्षति पहुंचा सकते हैं, जिससे उसकी कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है। एक्सपर्ट के अनुसार, कॉइल की सफाई के लिए विशेष रूप से बने एसी कॉइल क्लीनर फोम या हल्के साबुन के घोल का ही यूज करना अधिक सुरक्षित और प्रभावी रहता है।

### गंदा या गलत तरीके से लगाया गया फिल्टर भी बनता है समस्या

एसी फिल्टर सबसे जरुरी माना जाता है। यदि फिल्टर गंदा हो या उसे सही तरीके से फिट न किया गया हो, तो एयरफ्लो रुक जाती है। जिससे कॉइल पर बर्फ जमने लगती है और कंप्रेसर को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इसका नतीजा यह निकलता है कि बिजली की खपत बढ़ जाती हैं।

### सफाई से पहले बिजली बंद करना क्यों जरूरी है?

जब आप एसी की सफाई करें, तो सबसे पहले जरुरी है कि मुख्य स्विच बंद करना और पावर सप्लाई डिस्कनेक्ट करना बहुत ही जरुरी है। बिजली चालू रहते हुए सफाई करने से करंट लगने या इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के खराब होने का खतरा रहता है। यह एक छोटी लेकिन बहुत ही महत्वपूर्ण सावधानी होती है।

### एसी के आउटडोर यूनिट के आसपास सफाई करना बेहद जरुरी है

अक्सर लोग आउटडोर यूनिट को पूरी तरह ढक देते हैं या उसके आसपास झाड़ियां और धूल जमा होने देते हैं। इससे गर्म हवा बाहर नहीं निकल पाती और कूलिंग प्रभावित होती है। आउटडोर यूनिट के आसपास पर्याप्त जगह और साफ-सफाई बनाना बेहद जरुरी है।

### घर पर AC साफ करने का सुरक्षित तरीका क्या है?

**फिल्टर की पाबंदी-** इसके लिए आप हर 15 से 30 दिनों में इनडोर यूनिट का फिल्टर निकालें। इसे नॉर्मल पानी से धोएं, अच्छी तरह सुखाएं और फिर वापस लगाएं।

**सॉफ्ट टच क्लीनिंग-** आउटडोर यूनिट की ऊपरी धूल को सूखे कपड़े या सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से साफ करें।

**- फोम क्लीनर-** इनडोर कॉइल्स के लिए बाजार में मिलने वाले खास एसी फोम क्लीनर का इस्तेमाल करें। इसको स्प्रे करके 10-15 मिनट छोड़ दें और बाद में बेहद सावधानी से हल्के पानी से साफ करें, जिससे पानी पीसीबी तक न जाए।

**सेल्फ-क्लीन मोड-** यदि आप एसी के रिमोट में सेल्फ क्लीन या आई-क्लीन का बटन है, तो उसका इस्तेमाल करें। इस तकनीक से खुद ही इनडोर यूनिट की नमी और गंदगी को सुखा देती हैं।

### प्रोफेशनल सर्विस जरुर कराएं

घर पर तो आप एसी की सफाई करते हैं, लेकिन साल 1 या 2 बार प्रोफेशनल सर्विस जरुर करवाएं। ऐसा करने से मशीन की उम्र बढ़ती है, कूलिंग बेहतर रहती है और अचानक आने वाले बड़े खर्च से बचा जा सकता है।


लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप



मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ